**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकाने को नष्ट करके भारत ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब।
- प्रधानमंत्री ने बैजनाथ पपरोला सहित देश के एक सौ 3 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन–राज्यपाल ने जताया आभार।
- मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सहायता का किया आग्रह।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर हमारे नेतृत्व, भारत व भारतीय सेना की सफलता का प्रत्यक्ष प्रणाम।

**प्रधानमंत्री अमृत स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। राजस्थान के बीकानेर में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली है, और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।

*22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटना देखने के लिए मजबूर कर दिया।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा और इसका तरीका देश की सेना तय करेगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के हक का पानी पाकिस्तान को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी। इससे पहले, बीकानेर के पलाना में सार्वजनिक समारोह के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।

**प्रधानमंत्री अमृत स्टेशन–2**

इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में वर्चुअल माध्यम से एक सौ 3 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी किया जिनमें कांगड़ा जिला में बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कई बड़ी पहल की गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे से व्यापार, पर्यटन और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा और जीवन आसान होगा। **––बाईट–प्रधानमंत्री––**

*अभी देश में करीब 70 रूट पर वंदे भारत ट्रेन चल रही है। इसे दूरसुदूर के इलाकों में भी आधुनिक रेल पहूंची है। बीते 11 साल में सैकड़ो रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। 34 हजार किलोमीटर से ज्यादा के नए रेल ट्रैक बिछाए गए।*

इधर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन पर कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज और राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर राजीव भारद्वाज ने कहा कि बैजनाथ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और जल्द ही इस रेल लाईन को ब्रॉडगेज किया जाएगा।

**हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। नई नई योजनाई चल रही हैं। और इन योजनाओं का यदी श्रेय किसी को जाता है। तो जाता है, आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी को । चाहे वह रेल का क्षेत्र देख लीजिये। ऐसी ऐसी ट्रेनस चला दी गई। उनमें यदि आप बैठेंगे, तो आपको ऐसा अनुभव होगा, जैसे आप हवाई यात्रा कर रहे हैं। एक ऐसे क्षेत्र में, अमृत भारत योजना का पुनर निर्माण यदि हुआ, और पहला जो उद्घाटन हो रहा है, जो 103 स्टेशन पुरे देश में, अमृत भारत योजना के तहत बन रहे हैं, उसमें बैजनाथ पपरोला भी एक है, हमारे लिए बड़े सौभाग्य का विषय है।**

**राज्यपाल**

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मंडी जिला के करसोग से अमृत भारत रेलवे स्टेशन के उद्घाटन समारोह में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में अमृत स्टेशन के तहत पुनर्विकसित बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे की बुनियादी अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल में वर्तमान में 17 हजार सात सौ 14 करोड़ रूपए की परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

**जल स्तर**

कुल्लू जिला की मणिकर्ण घाटी में आज दोपहर बाद अचानक पार्वती नदी का बहाव बढ़ गया और कसोल के समीप पार्वती नदी के किनारे से दो लोग नदी में बह गए। पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है और एक व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। कुल्लू जिला प्रशासन ने एस.डी.एम. की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है और कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचकर पानी के अचानक बढ़ने की जांच कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सहायता के बारे में केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने कैंसर केयर सेंटर के लिए केंद्र से सहयोग और प्रदेश में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए अस्पतालों में नवीनतम चिकित्सा तकनीक व आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहाड़ी राज्यों की कठिन भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं के मानदंडों में ढील देने का भी आग्रह किया और लंबित धनराशि जारी करने की मांग की। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने राज्य को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस बीच मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भी भेंट की और किशाऊ बांध के वित्तपोषण संबंधी मुद्दे पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने किशाऊ जल विद्युत परियोजना में हिमाचल के अधिकारों और हितों का ध्यान रखने पर बल देते हुए कहा कि केंद्र सरकार या परियोजना के मुख्य लाभार्थी दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को इसकी पूरी लागत वहन करनी चाहिए।

**मुख्यमंत्री–2**

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रेणुका बांध परियोजना में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि और निशुल्क बिजली घटक के मामलों पर विचार करने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जल जीवन मिशन के

तहत लंबित राशि को जल्द जारी करने का आग्रह भी किया। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भाजपा द्वारा देश सहित प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज सिरमौर जिला के पावंटा साहिब व नाहन में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व मंत्री व विधायक सुखराम चौधरी के साथ तिरंगा यात्रा के तहत बाईक रैली निकाल कर सेना के **शौर्य** का अभिनंदन किया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना देशविरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। उन्होनें कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे नेतृत्व, भारत व भारतीय सेना की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौ सेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेंड़ेंगे नहीं लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

इस बीच कांग्रेस पार्टी भी देश में वीरों के सम्मान में जयहिंद रैली का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस पार्टी 30 मई को शिमला में रैली का आयोजन करेगी जिसके बाद सभी जिलों में जयहिंद रैली निकाली जाएगी।

## तिरंगा यात्रा–2

नरेश चौहान ने कहा कि भारत–पाकिस्तान युद्ध में जिस तरह से सेना ने अपना पराक्रम दिखाया है उसको देखते हुए कांग्रेस पूरे देश भर में सेना के सम्मान में जयहिंद रैली का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सेना के मनोबल को बढ़ाने और सेना के सम्मान के किए जयहिंद रैली निकाल रही है।

**सभी लोगों को अपनी सेना को अब उनके श्रेय पे पूरा भरोसा है और बड़ी बहादुरी के साथ पाकिस्तान को इसका करारा जवाब जीस तरह से सेनाओं ने सब कुछ किया देश पूरा एकजुट था और देश की जनता देश के पोलिटिकल पार्टीज इस मुद्दे पर सब एक साथ ये पूरी तरह से अपनी सेनाओं के लिए डेडिकेटेड है जिन्होंने जो शौर्य दिखाया उनके साहस के लिए और उनके पराक्रम के लिए यह कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी पूरे देश के अंदर 30 तारीख को हमने यह शिमला में रखा है प्रोग्राम जिसमें सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता और सभी नेतागण वह इसमें पार्टिसिपेट करेंगे ।**

## मौसम

प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक मौसम खराब बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 28 मई तक राज्य के कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि अगले 5 दिनों के दौरान राज्य के निचले व मध्यवर्ती इलाकों में हल्की वर्षा के आसार हैं। उन्होंने कहा कि 23 व 24 मई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व अंधड़ चलने का ऑरेंज अर्लट भी जारी किया गया है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकाने को नष्ट करके भारत ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब।
- प्रधानमंत्री ने बैजनाथ पपरोला सहित देश के एक सौ 3 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन—राज्यपाल ने जताया आभार।
- मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सहायता का किया आग्रह।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा—ऑपरेशन सिंदूर हमारे नेतृत्व, भारत व भारतीय सेना की सफलता का प्रत्यक्ष प्रणाम।